भाजपा नेता ही खोल रहे मोदी... पृष्ठ 2 | राजस्व विभाग की बैठक में निगम आयुक्त... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 10 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 327, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# भूमिहीन किसानों को दिए जाएंगे 10 हजार रुपए : सीएम साय

## गौ-आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती खोलेगी किसानों के लिए खुशहाली का रास्ता : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि गौ-आधारित प्राकृतिक खेती किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोलेगी। जैविक खेती से जुड़कर धान के कटोरे के किसान समृद्ध होंगे। जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर स्थानीय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर भगवान श्री बलराम जी की जयंती भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को हर वर्ष किसान दिवस के रूप मनाने का आह्वान भी किया। गौ-आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले तथा इस क्षेत्र में किसानों को प्रेरित करने वाले उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया। दीनदयाल उपाध्याय कृषि कल्याण योजना के तहत भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपए देने का सरकार विचार कर रही है। भारतीय किसान संघ के संगठन महामंत्री दिनेश कुलकर्णी के बातों पर भी विचार किया जाएगा। प्राकृतिक और गौवंश आधारित कृषि को बढ़ावा मिले और किसान खुशहाल रहे यही कामना करते हैं। वहीं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए कहा ? कि वे किसानों के हित में नई-नई योजना ला रहे हैं। मंत्री नेताम ने कहा कि बलराम जयंती के अवसर पर किसान दिवस मना कर सरकार ने किसान भाई-बहन को संदेश दिया है कि आज का दिन किसानों को समर्पित है। पिछले दस सालों में कृषि क्षेत्र में नई तकनीक और अविष्कार हुए, जिसका लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर कर रहे हैं। सरकार बनने से पहले हमने 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान और 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की घोषणा की थी, जिसे सरकार बनने के बाद पूरी किया। बोनस की राशि किसानों दी। कार्यशाला में मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को भगवान श्री बलराम जी जयंती की बधाई और शुभकनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों की समृद्धि को प्राथमिकता में रखते हुए कृषक कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ। इस मंत्रालय के माध्यम से खेती-किसानी की बेहतरी और किसानों की आय बढ़ाने पर काम हो रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उद्यानिकी, मछलीपालन और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में किसानों की भागीदारी बढ़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। भगवान श्री बलराम जी की जयंती के मौके पर राजधानी सहित प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश की बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए खेती-किसानी पर निर्भर है। आज कृषि के क्षेत्र में अनेकों नवाचार हो रहे हैं, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले किसान साहूकार और महाजनों से अत्यधिक ब्याज दर पर पैसे लेने को मजबूर थे। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किसानों की पीड़ा को समझा और किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की व्यवस्था की। किसानों को आज नि:शुल्क अथवा बहुत की कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए किसानों को दिए। 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में 2000 करोड़ रुपए से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। सिंचाई सुविधाओं के बढ़ने से किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही हम पुराने सिंचाई परियोजनाओं को दुरस्त करने का भी काम कर रहे है। अखिल भारतीय किसान संघ के श्री दिनेश कुलकर्णी ने गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज जैविक एवं प्राकृतिक खेती की जरूरत है। मांग के अनुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जैविक और प्राकृतिक खेती के लिए वैचारिक रूप से परिपक्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ-आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में गीता में उल्लेख है। उन्होंने कहा गौ पालन के लिए भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं गौपालन कर लोगों को प्रेरित किया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के बीते इन 10 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार ने किसानों को प्राथमिकता में लेकर किसान हित में नीतिगत् फैसले लिए हैं, जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दौर में हमें मांग अनुरूप हमें गौ-आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की जरूरत हैं, ताकि किसान की आर्थिक स्थिति और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व नीतिगत् फैसलों और कार्यों से प्रदेश के किसान आज सामर्थवान बन रहे है। किसान अब खेती-किसानी को व्यवसाय के रूप में अपना रहे हैं।



# बजरंगपुर नवागॉव में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व सांसद मधुसूदन

## नि:स्वार्थ कर्म, मानव सेवा एवं प्रभु नाम स्मरण से ही जीवन का उद्धार संभव - मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत बजरंगपुर नवागॉव, वार्ड नं. 01 एवं 02 राजनांदगॉव में दो दिवसीय रामधुनी गायन, वादन एवं झॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आयोजन समिति के आमंत्रण पर उपस्थित होकर आयोजक मंडल का उत्साहवर्धन किया। पूर्व सांसद के साथ बजरंगपुर नवागॉव के आयोजन में आयोजन समिति श्री ब्रम्हदेव नवयुवक सेवा भजन मंडली, वार्ड विकास समिति, बजरंगपुर नवागॉव के संरक्षकगण घंसू साहू, चंदू वर्मा, पवन भारतद्वाज, प्रभु देवांगन, रामकृष्ण साहू, सहित समिति सदस्य त्रिभुवन भारद्वाज, तेजराम वर्मा, तेजराम यादव, संजू साहू, योगेश साहू, टिकेश्वर साहू, यदु यादव, प्रकाश यादव, गुलाब साहू, राकेश मंडावी, विरेन्द्र, कमलेश, डिलेश्वर, विनय साहू, चंद्रप्रकाश, हर्ष वर्मा, यासूदेव, विजेन्द्र, नितिन नेताम, अनुप



विश्वकर्मा, राजेश सेवता, गजराज सिंह, मेघनाथ देवांगन, किशन लाहूरिया, जगेश्वर, लच्छु यादव, चैनसिंग सेवता, रमन यादव, झगरू यादव, नंदकुमार वैष्णव, सिद्धी भार्गव, नारायण साहू, नोहर साहू लेखचंद साहू, राहुल चौबे, रूपचंद साहू सहित वार्डवासीगण उपस्थित रहे। आयोजन में पूर्व सांसद मधुसूदन का आयोजन समिति की तरफ से पुष्पहार एवं तिलक गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया । उक्त आयोजन में उपस्थित धर्मप्रेमी जनता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने मुख्य रूप से जीवन में नि:स्वार्थ कर्म, मानव सेवा एवं प्रभु नाम स्मरण करने से ही जीवन का उद्धार संभव बताया ।

## पदयात्रा मार्ग को पूर्ण करने से ही होगी मां बमलेश्वरी की पदयात्रा सुगम

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थली मां बमलेश्वरी धाम की यात्रा के लिए चैत्र एवं क्वांर दोनों नवरात्रि पर्व में दर्शनार्थियों के रेला लगा रहता है। पैदल आने वाले दर्शनार्थ भी दूर-दूर से पदयात्रा करते हुए मां बमलेश्वरी के धाम पहुंचते हैं। और माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य समझते हैं इसके लिए राज्य शासन ने राजनांदगांव क्षेत्र से मुसरा बेलगांव अछोली बधियाटोला होते हुए पदयात्रा मार्ग का निर्माण कराया था। किंतु अछोली और नवोदय विद्यालय के बीच रेलवे लाइन आने के कारण मार्ग अधूरा पडा है रेलवे लाइन पर या तो रोड ओवर ब्रिज का निर्माण करके या अंडर ब्रिज जो पुराना बना है उसी में रेलवे की अनुमति से दर्शनार्थियों के लिए मार्ग प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि यह मार्ग अब पूरे वर्ष भर आवागमन के लिए तरस रहा है। रेलवे पटरी के पार भी अब बसाहट हो चुकी है और वहां के लोगों को 4 किलोमीटर घूमकर डोंगरगढ़ बधियाटोला आना पड़ता है ऐसी स्थिति में इस मार्ग का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने स्थानीय सांसद संतोष पांडे से इस कार्य के लिए तत्काल पहल की मांग की है जिससे आगामी नवरात्रि पर्व पर पैदल दर्शनार्थियों के लिए सुविधाजनक मार्ग प्रारंभ हो सके और इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

## बाल कलाकार गायिका काश्वी का गीत श्री राम लोगों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरी संस्कारधानी होने के साथ कलाकारों की नगरी है। संस्कृति व कला के क्षेत्र में नगर के कई कलाकारों ने अद्भुत प्रदर्शन किया है व आगे भी करते रहेंगे। इन कलाकारों ने अपनी कला के जरिये अपने शहर के नाम को गौरवान्वित किया है। इसी कड़ी में शहर की बाल कलाकार गायिका काश्वी कुंडलिक का गीत-श्री राम अब शहर में लोगों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। इस गीत को गायकी व सुरों से सजाकर काश्वी कुंडलिक ने अपनी आवाज दी है, जो कि शहर के स्कूल युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा पांचवी की छात्रा है। गीत का लेखन व संगीत प्रवीण राजन का है। संगीत संयोजक के रूप तामेश्वर वर्मा ने अपनी भुमिका निभाई है।




इस गीत के निर्माता-निर्देशिक रोहिनी है। इस गीत के वीडियो में संस्कारधानी के कलाकारों मे युवा तुजय ठावरे, पत्रकार मनोज देवांगन एवं शुभम ऊपाध्याय योगदान रहा है, तो कैमरे की कमान दिनेश चौहान ने संभाली है। श्री राम गीत 13 सितंबर को ओरेंज म्यूजिक के द्वारा यू-ट्यूब पर रिलीज होगा व एमपी-3 गीत को जीओ सावन, स्पॉटीफाई, हंगामा म्युजिक, यू-ट्यूब म्युजिक, एपल म्युजिक, विंक, गाना, आई ट्यूंस, अमेजान म्युजिक रेसो व अन्य म्युजिक एप में भी सुन सकते हैं।

## आईटीआई 13 सितम्बर को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर-ट्री द्वारा एजीआई ग्लासपैक हैदराबाद के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। किसी भी व्यवसाय में वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक आईटीआई उत्तीर्ण तथा अगस्त 2024 की परीक्षा में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। कैम्प में 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष उम्मीदवार एवं व्यवसाय फिटर को प्राथमिकता दी जाएगी।

# बेटी बचाओ मंच के तीज मिलन में गीता तीज क्वीन घोषित

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** महादेव घाट रायपुरा बेटी बचाओ मंच के महिला पदाधिकारियो ने महादेव घाट के हनुमान उद्यान में तीजा से लौट कर तीज मिलन आयोजित किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य अतिथि में आयोजन संपन्न हुआ। पदाधिकारियो ने अपने-अपने घरों से ठेठरी, खुरमी, खाजा, पीडिया, चौसेला, फरा, अनरसा लेकर पहुंची और सब के साथ लुफ्त उठाया । नृत्य व गायन के साथ तीजा का भरपूर आनंद लिया। तीजा के दौरान महिलाओं ने मायका में माता-पिता, भाई-बहन , के साथ



बचपन की यादें, सहपाठियों व सहेलियों के साथ बीते हुए पलो को एक दूसरे को शेयर किये । इस दौरान सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता प्रथम गीता विश्वकर्मा, द्वितीय कविता शर्मा घोषित हुए। तीज क्वीन विजेता शिखा शर्मा, उपविजेता सुधा शर्मा । व्यंजन में प्रथम रत्ना शर्मा , द्वितीय वीणा तिवारी , रेस में प्रथम सरस्वती साहू , द्वितीय नीतू शर्मा, तृतीय सरिता शर्मा रहे। इस दौरान प्रमिला कोपुलवार तथा सूर्यकांता सोनी को श्रेष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान मिला। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पुरस्कार वितरण किया।

# शासन प्रशासन लाचार

## शहर और बाहर से आ रहे मरीज भटक रहे है




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सीटी स्कैन मशीन का लगना लगभग असंभव सा लग रहा है, वहीं शहर के ही शासकीय जिला अस्पताल में लगी सीटी स्कैन मशीन पिछले डेढ़ माह से बंद पड़ी है। जो मरीज मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल सीटी स्कैन करवाने आते थे, अब वे निजी डाईगोनोस्टिक का रुख कर रहे है, वहीं शहर में आधे दर्जन से अधिक डाईगोनोस्टिक सेंटर सीटी स्कैन से लाखों रुपये कमा रहे है। यहां यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी, की शासन- प्रशासन शहर में संचालित निजी डाईगोनोस्टिक सेंटर को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से ना ही मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन स्टॉल करवा पा रहे है, और ना ही शासकीय जिला अस्पताल में डेढ़ माह से बंद पड़ी मशीन ठीक करवा पा रहें है। मरीजों के सामने बडी समस्या आन पड़ी हैं, बिना सीटी स्कैन के डॉक्टर इलाज नही कर पा रहे है, ऐसे से मरीज मजबूरन निजी दाई डाईगोनोस्टिक में पहुंचकर मोटी रकम खर्च करने विवश है। शहर के पक्ष और विपक्ष के नेताओं को इतनी बड़ी समस्या दिखाई नही दे रही है, बड़े अचरज की बात है।



## सुन्दर साहू ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले के माध्यमिक शाला के 3 शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान अंतर्गत ज्ञानदीप पुरूस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। डोंगरगांव विकासखंड माध्यमिक शाला रातापायली से सुन्दर लाल साहू , सेजेस डोंगरगढ़ से अनुराधा राव, फुलझर राजनांदगांव से सविता धुर्वे को विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सात हजार रुपये के चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक दिवस के दिन आडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया।जिले के 3 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित किया जाता है। शिक्षक सुन्दर लाल साहू को यह सम्मान प्रयास आवासीय विद्यालय में अधिक बच्चों के चयन के लिए किए गए सराहनीय कार्य, माध्यमिक शाला गणित विषय के अध्ययन सामग्री यूट्यूब एवं सीजीस्कूल में अपलोड करने, कोरोना काल में जिले स्तर में सर्वाधिक आनलाईन क्लास लेने में उत्कृष्ट स्थान, गुरु तुझे सलाम में अहा मोमेंट प्रस्तुति में छुरिया ब्लाक में प्रथम स्थान, गणित विषय के डीआईजीएस के रुप में अनुभव के लिए दिया गया। कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल, डीईओ अभय जायसवाल, सहायक संचालक आदित्य खरे,बीईओ आर एल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी, जयंत साहू एवं उपस्थित अधिकारी, शाला एवं संकुल के शिक्षकों ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई दिए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के शुभकामनाएँ दिए।



# छुरिया जनपद के महिला बाल विकास समिति ने कर दिया सहायिका भर्ती में घोटाला ?

## विभाग ने किया मूल्यांकन, सीईओ, बीईओ, बीएमओ, और परियोजना अधिकारी के हस्ताक्षर बाद मूल्यांकन पत्रक भी जारी, जिसके बाद जनपद की समिति ने दूसरे नं. वाली महिला को किया पहला?

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** मामला ब्लॉक मुख्यालय के अंतिम छोर और महाराष्ट्र राज्य से लगे ग्राम बाघनदी ग्राम पंचायत घोरतलाव का है, जहा महिला एवं बाल विकास विभाग छुरिया द्वारा दिनांक 15/01/2024 को पत्र जारी कर आगनबाड़ी सहायिका भर्ती हेतु दिनांक 18/01/2024 से 01/02/2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए, जिसमे 1 शिल्पा उर्फ टिकेश्वरी, 2 रीना बाई, 3 कल्पना तीन महिलाओ ने सहायिका भर्ती हेतु आवेदन किया, आवेदन पश्चात दिनांक 10/07/2024 को विभाग द्वारा आवेदित महिलाओ द्वारा दिए गए समस्त दस्तावेजों का जांच व मूल्यांकन कर अन्तिम मूल्यांकन पत्रक बनाया जिसमे ब्लॉक के सीईओ, बीईओ, बीएमओ, और परियोजना अधिकारी ने बकायदा हस्ताक्षर कर मूल्यांकन पत्रक जारी किया, जारी मूल्याकन पत्रक मे आवेदिका नं. (1) शिल्पा उर्फटिकेश्वरी को शैक्षणिक में 24 अंक विधवा 15 और जाति मे 10 गरीबी रेखा के 6 कुल ङ्क 55 अंक प्राप्त किया, आवेदिका नं. (2) रीना बाई को शैक्षणिक में 33 अंक जाति मे 10 गरीबी रेखा के 6 कुल ङ्क 49 अंक प्राप्त किया, आवेदिका नं. (3) कल्पना को महज जाति के 06 अंक ही मिले, मूल्यांकन पत्रक के अनुसार आवेदिका शिल्पा उर्फ टिकेश्वरी जिसे दस्तावेज परीक्षण उपरांत सबसे ज्यादा 55 अंक प्राप्त है जिसकी चयन सहायिका के पद पर होना है, इसी बीच जानकारी प्राप्त हो रहा है कि जनपद पंचायत छुरिया की महिला बाल विकास विभाग समिति द्वारा दूसरे नं. की महिला आवेदिका रीना बाई जिसका कुल अंक 49 है उसके नाम को पहले नं. पर कर सहायिका पद हेतु प्रस्ताव पारित कर दिए है, ? और जल्द न्युक्ति देने का जानकारी आ रही है, अब



देखना ये होगा कि जिस अन्तिम मूल्यांकन पत्रक को जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसर और खुद ब्लॉक महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा दिनांक 10/07/2024 को जांच परीक्षण कर जारी किया गया, उसे जनपद की समिति कैसे बदल सकता है, ? अगर जनपद की समिति ने ऐसा किया है तो क्या ब्लॉक मुख्यालय के चारो मुख्य अधिकारी सीईओ, बीईओ, बीएमओ, और परियोजना अधिकारी ने बिना जांच पड़ताल के मूल्यांकन पत्रक मे हस्ताक्षर कर दिए, ? और अधिकारियों ने सही मूल्यांकन किया है, तो जनपद समिति के सदस्यगण उसे गलत कैसे कर सकते है ?, इस मामले पर न्याय हो जिसके लिए गरीब विधवा महिला शिल्पा उर्फटिकेश्वरी जिले के सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, सहित जिला कलेक्टर व जिला सीईओ को शिकायत व फरियाद लगाने पहुंच रही है ?,जिले के एक मुख्य अधिकारी ने कहा है कि मूल्यांकन पत्रक जारी होने के बाद अगर उसमे छेड़खानी हुआ है तो निश्चित ही दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही होगी, बहरहाल इस मामले मे लेनदेन होने से इनकार नहीं किया जा सकता ? तभी तो 55 अंक प्राप्त करने वाली महिला को छोड़ 49 अंक प्राप्त करने वाली महिला का चयन करने की फिराक मे है,

### फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदायें 7 अक्टूबर तक आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए विकासखंडवार तैयार की गई फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदायें 7 अक्टूबर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदादाता कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) राजनांदगांव से 100 रूपए शुल्क जमा कर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को 7 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष कलेक्टोरेट कार्यालय अपर कलेक्टर राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 49 में खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती का हुआ तबादला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिक निगम राजनंदगांव में लंबे समय से पदस्थ सुश्री पिंकी खाती उप अभियंता का स्थानांतरण नगर पालिक निगम राजनांदगांव से नगर पंचायत लालबहादुर नगर हो गया है। छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2024/18 राज्य शासन एतद् द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों नवा रायपुर अटल नगर 01 सितंबर 2024 को प्रशासनिक दृष्टि से समान सामर्थ्य सेवा शर्तों एवं निबंधनों के अधीन अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपने नए स्थान पर तत्काल प्रभाव से पदस्थ करें। जातव्य है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव में लंबे समय से पदस्थ सहायक इंजीनियरों का स्थानांतरण हुआ है। जिसमें उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती का स्थानांतरण नगर पालिक निगम से नगर पंचायत लाल बहादुर नगर हो गया है। शासन के आदेश के अनुसार अपने नए स्थान पर तत्काल ज्वॉइन कर सूचित करें।

### चौथी किश्त के लिए होगा किसान पंचायत

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश किसान संघ शासन का ध्यानाकर्षण करने जिला मुख्यालयों में राजीव गांधी किसान न्याय योजना



की बकाया एक किश्त भुगतान करने जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौपेगा । रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया । साथ ही राष्ट्रीय किसान आंदोलन के समर्थन में विभिन्न जगह आयोजन किए जावेंगे । उल्लेखनीय है किसान आंदोलन-2 200 दिनों से अधिक समय से पंजाब हरियाणा बार्डर पर चल रहा है समर्थन मूल्य गारंटी कानून सहित विभिन्न मांगो को लेकर । 16 सितम्बर को राजनांदगाँव जिला कार्यालय के समाने इसी क्रम में किसान पंचायत का आयोजन किया जावेगा । 18 सितम्बर को खैरागढ़ 20 सितम्बर को मोहला में ज्ञापन दिया जावेंगा । अगले सप्ताह बालोद, दुर्ग एवं कवर्धा में तथा अन्य जिलों के लिए भी तैयारी की जा रही है ।

### राशन कार्ड के लिए भटक रहे ग्रामीण

**अधिकारी गहरी नींद में**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीण विगत कई माह से राशन कार्ड के लिए भटक रहे हैं किंतु उनका नया राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। ऐसा ही कुछ समीपस्थ ग्राम पंचायत गाजमर्रा में भी हुआ है गाजमर्रा की सरपंच श्रीमती सावित्री फिल्क्स ने बताया कि विगत सात आठ महीने से राशन कार्ड में ना तो किसी का नाम जोड़ने का कार्य हो रहा है और ना ही नाम काटने का। और तो और नए राशन कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। जबकि ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों को पंचायत में समस्त दस्तावेज पूर्ण कर सचिव के माध्यम से जनपद में जमा भी कर दिये गए है और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि जनपद के चक्कर काटकर परेशान है कुछ हितग्राही भी सीधे जनपद में पता करने जा रहे हैं किंतु कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ राशन कार्ड नहीं बनने से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। सरपंच ने बताया कि वहां जाने के बाद कहा जाता है कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं इसलिए उन्हें फुर्सत नहीं है कर्मचारियों की लापरवाही के चलते भेजे गए दस्तावेज आग की भट्टी में स्वाहा हो जाते हैं। ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर अनुविभागीय अधिकारी को इस आशय का ज्ञापन भी दिया है किंतु कार्रवाई के अभाव में ग्रामीण भटक रहे हैं और अक्रमण्य अधिकारी कर्मचारी गहरी नींद में सो रहे हैं। अब ग्रामवासियों ने आंदोलन करने का मन बना लिया है। उन्होंने विधायक से तत्काल इस दिशा में पहल की मांग भी की है।

### दिग्विजय कॉलेज में हिंदी सप्ताह का उद्घाटन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 9 सितंबर से 14 सितंबर तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 9 सितंबर को हिंदी सप्ताह का उद्घाटन संस्था के प्राचार्य डॉण् अंजना ठाकुर द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा । इसके लिए मैं हिंदी विभाग को धन्यवाद देती हूं । मैं चाहती हूं कि अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होवें। विभागाध्यक्ष डॉण् शंकर मुनि राय ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदी सप्ताह के अंतर्गत हिंदी प्रश्नोत्तरीए श्रुतिलेखए काव्यपाठए पोस्टर और उद्घोषणा प्रतियोगिताएं 9 सितंबर से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी। इसमें प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालयीन स्टाफके लिए काव्य लेखन प्रतियोगिता भी रखी गई है।

**शुभांक**

**2-4-5**

**268-6 450-9**

**भाग्यांक**

**800-8 157-3**

# भाजपा नेता ही खोल रहे मोदी की गारंटी की पोल - अभिमन्यु मिश्रा

## बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, पुरंदर मिश्रा के सरकार को पत्रों से भाजपा के झूठे दावे उजागर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने भाजपा शासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल उठाते हुए कहा है की पिछले 9 महीनों में भाजपा शासनकाल में प्रदेश की लचर व्यवस्थाओं से ले कर सरकार वादाखिलाफी तक हर एक मुद्दे पर आवाज उठाई है और यह हमेशा कहा है की यह सरकार अयोग्य है व रिमोट कंट्रोल से चलती है और आज कांग्रेस के दावों को सिद्ध करने व मोदी की गारंटी को झूठा साबित करने स्वयं भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, पुरंदर मिश्रा जैसे बड़े नेताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है तीनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कंपनियों द्वारा कार्टेल बना कर सीमेंट का दाम



50 रुपए बढ़ाए जाने का विरोध किया है व लूट बताया है, व स्वयं घोषणापत्र समिति के संयोजक रहे सांसद विजय बघेल ने छ. ग. कर्मचारी - अधिकारी फेडरेशन की मांगों का समर्थन करते हुए कहा है की मोदी की गारंटी के नाम से जो वादे भाजपा ने किए थे वो पूरे नही किए हैं, विधायक पुरंदर मिश्रा पत्र के माध्यम से स्वयं रायपुर में बेहद बढ़ चुके अपराध की बात कही है इन सब से यह स्पष्ट हो चुका है की छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेश चलाने में असफल साबित हुई है और यह बात अब तो विपक्ष के साथ उनके खुद के बड़े नेता कह रहे हैं इसलिए जरूरत है की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश की स्तिथि पर त्वरित रूप से संज्ञान लें और अगर कुछ नही कर सकते तो इस्तीफा दें ।

## वाणिज्य विभाग द्वारा मनाया गया शिक्षक दिवस

### रूचि ताम्रकर बनी वाणिज्य परिषद की अध्यक्ष



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती के तत्वाधान में 5 सितम्बर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर वाणिज्य विभाग के छात्राओ द्वारा शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्नातक स्तर पर बी कॉम द्वितीय एवं तृत्तीय वर्श तथा एम.कॉम. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रियांशु जैन द्वारा गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए मिटटी एवं कुम्हार की कहानी का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कु. लोमीन के द्वारा गुरुजनो की महत्ता को वाणिज्य में प्रयोग होने वाले शब्दावली से कविता के माध्यम से बताया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती, वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू , पूर्वेश बांधे का पुष्पगुच्छ, श्रीफल व पेन भेट कर सम्मान किया गया।प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा छात्राओ को गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने अपने गुरुजनों को याद कर एवं उनके बताये गए प्रेणणादायीं वचनों को छात्र-छात्राओ के मध्य साझा किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव द्वारा छात्राओं के सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु षिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए धन्यवाद दिया गया। मंच संचालन दुखहरन साहू (बी.कॉम. अंतिम ) के छात्र द्वारा किया गया। वाणिज्य परिशद का हुआ गठन - इस अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष. रुचि ताम्रकार एम कॉम तृतीय सेमे. उपाध्यक्ष निकिता गुप्ता एम कॉम.प्रथम सेम., सचिव शुभम रंगारी, उपसचिव डिंपल कोसरे, कोषाध्यक्ष ताराचंद और सह कोषाध्यक्ष भावना पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपेश, अखिल यादव, बलदेव कुमार, उषा वर्मा, अमन कुमार वर्मा और चांदनी को मनोनीत किया गया। शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का उचित शिक्षा का महत्व और अच्छे जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया गया और अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन नैनसी जैन, रुचि और निकिता द्वारा किया गया।

## शासकीय वाहनचालक संघ द्वारा सेवानिवृत्त वाहन चालको को दी गई विदाई





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छ0ग प्रदेश शासकीय अर्धशासकीय वाहनचालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ जिला शाखा कबीरधाम के द्वारा लालपुर नर्सरी में दिनांक 08/09/024दिन रविवार को विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सेवानिवृत हुए हमारे जिले के वरिष्ट वाहनचालक और हमारे संघ के मार्गदर्शक/सलाहकार सर्व श्री मो.नूर खान जी एवं सतीश मानिकपुरी जी अर्धवर्षिकी आयु पूर्णकर विगत माह अपने सेवाकाल से सेवानिर्वित हुए थे जिन्हे हमारे संघ जिलाध्यक्ष अशोक पाली,उपाध्यक्ष फागुराम, मो. शिकंदर के द्वारा शाल श्रीफल स्मृतिचिन्ह भेटकर भावभीनी विदाई दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में संघ के वरिष्ट पूर्व वाहनचालक श्री ईश्वरी प्रसाद शर्मा ,चक्रवर्ती महाराज ,रविशंकर मिश्रा ,प्रांतीय पदाधिकारी सईद खान ,शिवप्रसाद कोर्राम,कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह वरिष्ट वाहनचालक गोपाल यादव का भी पुष्पगुच्छ बुके के साथ स्वागत सम्मान किया गया ।। विदाई समारोह कार्यक्रम में हमारे संघ के संरक्षक शिवप्रसाद झरिया,सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी, लोकचंद,संजय मरकाम,कमलेश साहू अशोक चंद्राकर एवं सभी जिलापदाधिकारी/जिले के सभी विभागों के हमारे वाहनचालक भाई उपस्थित थे ।

# मुरमुंदा के दही हांडी लूट में हुई चाकूबाजी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** गोविंदा उत्सव के दौरान देर शाम नशे में चूर नाबालिक व साथी युवको के द्वारा डीजे के अश्लील गाने की धुन पर डांस करने को लेकर आपस में विवाद हो गया जिसके बाद छुरिया के नाबालिक बालक व उसके साथियों के द्वारा ग्राम पटपर के युवको पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिया गया और इस हमले में एक नाबालिक सहित तीन युवकों को गंभीर चोट आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि 08 सितम्बर 2024 को ग्राम मुरमुंदा में दही हाण्डी लूट कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे देखने प्रार्थी विष्णु सांकरे पिता अजहर सांकरे निवासी ग्राम पटपर चौकी चिचोला का जो अपने गांव के दोस्त सेवक साहू, पुरूषोत्तम नेताम, हिमेश वर्मा, डिकेश ठाकुर एवं अन्य के साथियों के साथ ग्राम मुरमुंदा दहीलूट कार्यक्रम देखने आये थे। ग्राम मुरमुंदा बाजार चौक में दही हाण्डी लूट का कार्यक्रम चल रहा था गाना बज रहा था जिसमें इन सभी लोग डांस कर रहे थे तभी भीड़ में धक्का-मुक्की हुआ जिसमें ग्राम मुरमुंदा का लड़का एवं अन्य लड़का द्वारा गंदी-गंदी गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का एवं धारदार हथियार से मारपीट किया गया जिससे सेवक साहू, पुरूषोत्तम नेताम, हिमेश वर्मा, डिकेश ठाकुर को चोंट आई है की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस, 25 आर्म्ए एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिशा-निर्देश प्राप्त कर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अरोपियों के पता तलाश में जूट गये जिसके परिणाम स्वरूप विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लेकर पुछताछ करने पर




अपने दोस्त आरोपी रोशन कुमार पिता महेश कुमार साहू उम्र- 21 साल साकिन बनियाटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छ0ग0 एवं रामजी साहू पिता रूपेन्द्र साहू उम्र- 21 साल निवासी ग्राम किरगी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के साथ मिल कर घटना को अंजाम देना करना स्वीकार किये एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग धारदार चाकु को जप्त किया गया है। दोनों आरोपीगण को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं नाबालिक बालक को संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गोविंदा उत्सव का कार्यक्रम ग्राम पंचायत मुरमुंदा में रामभक्त समिति के द्वारा 44444/- तो हनुमान भक्त समिति के द्वारा 25555/- की इनामी राशि दहीहांडी लूट करने वाली टोलियों के लिए पुरस्कार की घोषणा की गई थी। इस कार्यक्रम में जिले के सांसद संतोष पांडे, भाजपा प्रदेश संगठन सचिव भरत वर्मा की अध्यक्षता में व विशेष अथिति के रूप में भाजपा के कई नेता उपस्थित थे इसी बीच दो गुटो में चाकूबाजी की घटना घटने के कारण भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। यह घटना 08 सितम्बर को रात्रि 8.30 बजे का बताया गया है। वहीं घायलो को पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इस घटना के बाद चर्चा का विषय बन गया था कि इतने अच्छे कार्यक्रम में सर्वाधिक रूप से उपस्थित ग्रामीण नशे में धुत्त बताये गए जो चर्चा का विषय बन गया था। कार्यक्रम के उपरांत रामभक्त समिति की दहीहांडी लूट की मटकी रायपुर की टोली के द्वारा तो हनुमान भक्त समिति की दहीहांडी की लूट ग्राम सलोनी की टीम के द्वारा लूट कर पुरस्कार की राशि प्राप्त की गई।

### झेरिया यादव समाज का बैठक 15 सितंबर को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला-राजनांदगांव, खैरागढ़ छुईखदान-गंडई, मोहल्ला-चौकी-मानपुर का सामाजिक बैठक 15 सितंबर 2024 रविवार को दोपहर 12:00 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित है । जिलाध्यक्ष ज्योतिष राम यादव ने बताया कि बैठक में 7 सितंबर 2024 से दंतेवाड़ा से प्रारंभ प्रदेश स्तरीय यादव जन जागरण यात्रा का स्वागत/सम्मान किया जाएगा, जिलाध्यक्ष ज्योतिष राम यादव, सेवक राम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवकुमार यादव अध्यक्ष डोंगरगढ़, सुंदर यादव अध्यक्ष रुदगांव, विष्णु यादव अध्यक्ष खुज्जी, कमल यादव अध्यक्ष कोकपुर, अवध यादव अध्यक्ष चौकी ने जिला के समस्त सम्मानित पदाधिकारी गण, संरक्षक गण एवं सभी परिक्षेत्र, तहसील, ब्लाक तथा नगर इकाई के अध्यक्ष सचिव उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी अपनी गरिमामय उपस्थित से बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न करने में महती सहयोग प्रदान करने अपील की है

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/3492/ प्रवा0-3/अ.वि.अ./2024

राजनांदगांव, दिनांक 05/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर एसोसिएट्स पार्टनर विनोद बोहरा, विकास बोहरा, राहुल बोहरा, रोशन बोहरा सभी के पिता जेठमल बोहरा निवासी सन सिटी, कंचन बाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा सह स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 42, खसरा नंबर 15023 रकबा 5.8700 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 12/10/2024 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।


सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

## ज्ञान मंथन

1) हाल ही में किस विश्वविद्यालय ने उपभोक्ता अधिकार जागरूकता अभियान आयोजित किया है?
2) हरियाणा के किस जिले में नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित किया गया है?
3) हरियाणा के खुशीराम शर्मा किस भाषा के कवि थे?
4) हाल ही में किसने राजा भालिंदर ट्रॉफी जीती है?
5) 16 नवंबर को वर्ल्ड फिलॉसफी डे मनाया गया। इसका थीम क्या है?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) बेरहामपुर विश्वविद्यालय (2) करनाल (3) हिन्दी (4) महाराष्ट्र (5) बहुसांस्कृतिक विश्व में दार्शनिक प्रतिबिंब

## आईटीआई राजनांदगांव में अप्रेंटिसशिप कैम्प 11 को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन किया गया है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि अप्रेंटिसशिप कैम्प में व्हीई कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 18 वर्ष से 23 वर्ष के व्यवसाय फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, टर्नर, मशीनिष्ट तथा विद्युतकार में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

## साक्षरता सप्ताह का समापन एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 11 सितम्बर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 सितम्बर 2024 को सुबह 10.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का समापन एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

## शिव महापुराण 11 से 15 सितम्बर तक

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** द समीपस्थ ग्राम फरहद श्रीराम कॉलोनी में 11 से 15 सितम्बर शिव महापुराण का आयोजन कॉलोनी वासियों के तत्वाधान में रखा गया है । कार्यक्रम प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 8 बजे प्रवचन भजन आरती का कार्यक्रम रखा गया है प्रख्यात कथावाचक पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे । कार्यक्रम में समस्याओं का समाधान किया जावेगा ।

## जिले में अब तक औसत 912.2 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 912.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 3.8 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा कुमरदा तहसील में 10 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 8.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 1 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 2 मिमी, घुमका तहसील में 1.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 10 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 3.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## निधन



**गंगाबाई सोनी**

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** सोनारपारा निवासी गंगाबाई सोनी पति. स्व. रामकुमार सोनी का 9 सितंबर को दोपहर 12 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 9 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रज्जू सोनी, राकेश सोनी की मां थीं।

# राजस्व विभाग की बैठक में निगम आयुक्त गुप्ता ने डिमाण्ड संधारण एवं पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की ली जानकारी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता निगम राजस्व में वृद्धि एवं शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने स्थल सर्वे कर डिमाण्ड दुरूस्त कराने उपअभियंताओं एवं राजस्व अमला की टीम गठित किए है। गठित टीम प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र में जाकर सर्वे कर मोबाईल-एप के माध्यम से डिमाण्ड तैयार कर रहे है, स्वयं आयुक्त द्वारा समय-समय पर मानिटरिंग कर वार्डो में जाकर डिमाण्ड से मिलान किया जा रहा है तथा साप्ताहिक बैठक लेकर समीक्षा भी कर रहे है। इसी कडी में आज आयुक्त के द्वारा राजस्व की समीक्षा बैठक लेकर डिमाण्ड संधारण एवं पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की वार्डवार जानकारी ली गई। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की प्रगति की जानकारी में सभी राजस्व निरीक्षकों, राजस्व उपनिरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों से उनके वार्डवार डिमाण्ड दुरूस्त करने संबंधी जानकारी में पुछा कि, अब तक कितने घर का डिमाण्ड तैयार किए, कितने घर में अंतर आया और पूर्व डिमाण्ड से कितना-कितना अंतर आया, उन्होने उपअभियंताओं से भी जानकारी लेकर पत्रक तैयार करने कहा। उन्होने कहा कि, वर्तमान गणना अनुसार डिमाण्ड पंजी तैयार करें एवं संबंधित करदाता को अवगत कराते हुए नये डिमाण्ड के आधार पर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि, बडे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं मकानों का डिमाण्ड पहले दुरुस्त करें उसके पश्चात् छोटे का डिमाण्ड तैयार करें। उन्होने कहा कि, भौतिक सत्यापन उपरांत पुराने डिमाण्ड से मिलान कर अंतर सहित नया डिमाण्ड पंजी में चढ़ाकर उसके अनुसार बिल तैयार कर वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि, नये मकान एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का भी सर्वे कर डिमाण्ड रजिस्टर में दर्ज कर विवरणी तैयार करें। उन्होने अब तक डिमाण्ड बढ़ने की जानकारी ली लगभग 60 लाख रूपये डिमाण्ड बढ़ने पर प्रसन्नता व्यक्त कर इसी प्रकार डिमाण्ड बढ़ाने, कार्य मे गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि, सर्वे कार्य धिमी गति से किया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही न बरते समय-सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण करना है, क्योकि शासन निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग सर्वे किया जा रहा है। घर-घर जा कर पिछड़ा वर्ग के लोगो को चिन्हाकिंत कर सर्वे करना है। सर्वे से राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजो की जानकारी मिलेगी। इन सब आधार पर यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि, सभी राजस्व उपनिरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजस्व वसूली के साथ-साथ सर्वे करेंगें। सर्वे से डिमाण्ड की भी जानकारी मिलेगी। जिससे हमारा राजस्व डिमाण्ड दुरूस्त होगा। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके सहित उप अभियंतागण तथा राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# आबकारी ने महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब परिवहन करने वाले पर कि कार्यवाही

## लग्ज़री कार में संतरा शराब परिवहन कर खपाने के मंसूबे पर फिरा पानी



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला मुख्यालय अंतर्गत आने वाले वृत-चिचोला ने महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब परिवहन करने वाले पर कि आबकारी एक्ट के तहत कि गई कार्यवाही। सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार दिन रविवार चिचोला पुलिस चौकी से कुछ दुरी पर छुरिया बापुटोला मोड़ के पास महिंद्रा XUV500 वाहन क्रमांक CG.04.KW 5000 (सफेद रंग) कार में अन्य राज्य कि अवैध शराब परिवहन किए जाने की जानकारी चिचोला आबकारी को खबरी व्दारा दिए जाने पर चिचोला आबकारी वृत प्रभारी उज्जवल सूत्रधर के नेतृत्व में स्टाफ व्दारा वाहन क्रमांक कि जांच करने पर महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू प्रीमियम डिलक्स सुपर संतरा शराब पाया गया। वहीं अवैध शराब परिवहन करते आरोपी भूपेंद्र चंद्रवंशी पर कि गई कार्यवाही। मिली जानकारी अनुसार जप्त किए गए महाराष्ट्र निर्मित शराब कि मात्रा 172.8 बल्क लीटर अनुमानित राशि 72000 रुपए व परिवहन में प्रयुक्त वाहन 500 वाहन क्रमांक CG.04.KW 5000 कि जप्त अनुमान राशि 400000 रुपए कूल किमत 472000 रुपए जप्त किया गया । वहीं आरोपी भूपेंद्र चंद्रवंशी पर धारा 34(2), 59(ah) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी उज्जवल सूत्रधर आबकारी स्टाफ अनिल सिन्हा, खेमचंद मांडवी, नागेश निषाद, रोहित टेंबुरकर , मनीष रजक, रोहित उईके का विशेष योगदान रहा।

## नगर में शांतिपुर्वक व साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुये गणेश उत्सव



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** गणेश उत्सव, विश्वकर्मा पुजा एवं इद ए मिलाद त्यौहार को लेकर थाना डोंगरगढ़ में शांति समीति का बैठक आहूत की गई और सभी पर्वो को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई है। 09 सितम्बर 2024 को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी रुद्रद्वह्ल कुंजाम एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिको व जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों की उपस्थिति में बैठक आहुत किया गया जिसमें गणेश उत्सव, विश्वकर्मा पुजा एवं इद ए मिलाद त्यौहार को लेकर विभिन्न मुद्दाओ पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर, आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये अपना-अपना त्यौहार/उत्सव मनाने की अपील की गई है।

## पति, सास ससुर के द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित, नवविवाहिता ने की आत्महत्या

### आरोपी जेल भेजा गया, अन्य फरार



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज मर्ग की जांच किया , मर्ग जांच मे अपराध धारा 304-बी भादवि का अपराध पाये जाने से अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये प्रकरण की अग्रिम जांच पुलिस अनुवभागीय अधिकारी के द्वारा विवेचना किया जिसमे मे पाया गया कि मृतिका नवविवाहिता को 30.07.23 के 17.05 बजे दिन मे बेहोशी की हालात मे सीएचसी डोंगरगांव मे परिजनों के द्वारा ईलाज हेतु लेकर आये जिसे डां0 साहब के द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया , मृतिका के परिजनों बताया कि मृतिका सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुये शादी मे शादी के बाद से ही लगभग 02 वर्षो से उनके ससुराल पक्ष मे पति -सास , ससुर के द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित करते रहे , इसी दौरान 30.07.23 को मृतिका आत्महत्या कर लिया , आरोपी पति के द्वारा लगाये गये फांसी के फंद्दे को अपने बाड़ी मे आग से जलाना बताये । आरोपीगण तामेश्वर सेन पिता ढालसिंग , ढालसिंग सेन पिता स्व0 जगदीश राम , ग्राम कोहका , डोंगरगांव , के विरूद्ध कार्यवाही कर गिर0 कर 9. सितंबर को जेल भेज दिया गया है प्रकरण मे अन्य आरोपी फरार है पता तलाश कर गिर0 की जा रही है।

## विधायक दलेश्वर साहू ने किया सालिक झिटिया मे सामाजिक भवन का लोकार्पण



**डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम सालिक झिटिया मे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से निर्मित साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन दास साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, जनपद सभापति मोहनीश साहू बतौर विशेष अतिथी उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दलेश्वर ने कहा कि जीवन मे सबको कोई न कोई अवसर अवश्य मिलता है उस अवसर का सदुपयोग अच्छे कार्यो के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम जनपद सभापति मोहनीश साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। ग्राम पंचायत व ग्राम साहू समाज द्वारा विधायक सहित सभी अतिथियो का अभिनंदन व प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम मे लविंद्र साव, बीणाधर वर्मा, भैय्यालाल साहू, एसडीओ आरईएस गोस्वामी, मूलचंद साहू, महेश साहू, शिव साहू, सरपंच रेशम साहू, नीलकंठ साहू, गणेश साहू, दुरदाशन साहू, मोहन साहू, मंगलू साहू, रामकुमार वैष्णव, ढालसिंह साहू, राजू साहू, आदि सहित बडी संख्या मे सामाजिकजन, पंचायत प्रतिनिधी, ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल सचिव महेश साहू ने किया।

## आर.सी.ए. ने 9 विकेट से मैच जीता

### मैन ऑफ द मैच उज्जव दीवान ने 90 रन एवं 2 विकेट लिये



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आर.सी.ए. और आर.सी.ए.बी. के मध्य बजरंगपुर नया क्रिकेट का सेन्टर ग्राउंड में क्रिकेट मैच खेला गया। मैट में खेला गया नया सेन्टर में 30-30 ओवर अभ्यास में खेला टॉस जीतकर कप्तान उज्जवल दीवान ने पहला बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टॉस जीतकर धोनी भाटिया और लिखन सोनकर पहला जल्दी 0 पहला विकेट मिडियम पेस बॉलर फैजान पर ओ.एल.बी.डब्ल्यू. आऊट किया, क्रमश: धोनी भाटिया 104 रन बनाकर उसमें से 15 चौका मालकीत सोनी 05 रन, अर्श खान 05 रन, रन पुरी टीम 25 ओवर में 176 ऑल आऊट हो गई एक्स्ट्रा 154 आया। गेंदबाजी में मोहम्मद फैजान 1 विकेट, अयान खान 3 विकेट, उज्जवल दीवान 2 विकेट, आर.सी.ए. ओपनिंग जोड़ी ओपनर हित देवांगन एवं ठोस शुरूआत 160 पहला विकेट हित देवांगन 50 रन, 6-6 चौके की मदद से 90 रन 19 चौके की मदद से 90 नाबाद रन बनाये। आर.सी.ए.बी. की ओर से गेंदबाजी दिव्यांश 01 आर.सी.ए. ने 9 विकेट, 177 रन से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफदी मैच उज्जवल दीवान 02 विकेट 89 रन 19 चौके लगाये। समिति की ओर से शुभकामनाए व ऐकेडमी परिवार की ओर से ट्राफी दी गई। कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं जिला क्रिकेट संघ की ओर से अध्यक्ष श्रीमान सुशील कोठारी जी, सचिव योगेश बागड़े जी, जीत की शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

## आपदा प्रभावितों को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 15 मकान आंशिक क्षति होने पर 531500 रूपए, अतिवृष्टि से पशुकोटा आंशिक क्षति होने पर 6000 रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत नदी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 23 मकान आंशिक क्षति होने पर 91000 रूपए आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## धर्म समाचार....

# भाद्रपद पूर्णिमा पर लगेगा साल का आखिरी चंद्र ग्रहण, इन राशियों को रहना होगा बेहद सावधान




सनातन शास्त्रों में निहित है कि अमृत पान के दौरान सूर्य और चंद्र देव ने स्वरभानु को पहचान लिया । यह जानकारी उन्होंने भगवान विष्णु को दी। स्वरभानु ने तब तक अमृत पान कर लिया था। यह देख भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर स्वरभानु का वध कर दिया। उस समय से स्वरभानु सूर्य एवं चंद्र देव को अपना शत्रु मानते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, 18 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा है। भाद्रपद पूर्णिमा के दिन वर्ष का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण लगने वाला है। सनातन शास्त्रों की मानें तो ग्रहण के दौरान मायावी ग्रह राहु और केतु का प्रकोप पृथ्वी पर बढ़ जाता है। इससे व्यक्ति विशेष के मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अत: ग्रहण के दौरान खानपान से परहेज करना चाहिए। इसके साथ ही शुभ कार्य भी नहीं करना चाहिए। ज्योतिषियों की मानें तो चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, लेकिन राशि चक्र की सभी राशियों पर ग्रहण का प्रभाव देखने को मिल सकता है। इनमें 3 राशि के जातकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। आइए जानते हैं-

**कर्क राशि**- कर्क राशि के स्वामी चंद्र देव हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। राहु और केतु चंद्र देव को अपना शत्रु मानते हैं। अत: ग्रहण के दौरान कर्क राशि के जातकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य न करें। तामसिक भोजन का सेवन न करें। किसी का दिल न दुखाएं। राहु और केतु के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए भगवान शिव के नामों का मंत्र जप करें।

**सिंह राशि**- सिंह राशि के स्वामी सूर्य देव हैं और आराध्य भगवान विष्णु हैं। अत: सिंह राशि के जातकों को सावधान रहने की आवश्यकता है। वाद-विवाद से दूर रहें। गाड़ी सावधानी से चलाएं। मन में किसी के प्रति द्वेष की भावना न रखें। बड़ों की सेवा करें। भाद्रपद पूर्णिमा तिथि पर शुभ कार्य करने से बचें। ग्रहण के बाद स्नान-ध्यान के बाद सत्यनारायण भगवान की पूजा करें। वहीं, पूजा समाप्त होने के बाद दान-पुण्य अवश्य करें।

**कन्या राशि**- वर्तमान समय में मायावी ग्रह केतु कन्या राशि में विराजमान हैं। इस राशि में केतु ग्रह अगले साल 18 मई तक रहेंगे। इससे पूर्व 17 सितंबर को आत्मा के कारक सूर्य देव भी कन्या राशि में गोचर करेंगे। इसके अगले दिन ही ग्रहण है। सूर्य और राहु-केतु के मध्य शत्रुवत संबंध है। इसके लिए कन्या राशि के जातकों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कोई भी शुभ कार्य न करें। किसी को उधार न दें। लंबी यात्रा करने से बचें। इस दिन महामृत्युंजय मंत्र का जप करें।

## परिवर्तिनी एकादशी पर करें इन मंत्रों का जप, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम




ज्योतिषियों की मानें तो परिवर्तिनी एकादशी तिथि पर दुर्लभ शोभन योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से जीवन में सुखों का आगमन होता है। इस शुभ अवसर पर साधक एकादशी व्रत रख विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी है। यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी और उनके रूपों की पूजा की जाती है। भगवान विष्णु को तुलसी अति प्रिय है। इसके लिए एकादशी तिथि पर तुलसी माता की अवश्य ही पूजा की जाती है। इस व्रत को करने से आर्थिक तंगी समेत जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुखों का नाश होता है। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। साधक भक्ति भाव से एकादशी तिथि पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। अगर आप भी धन संबंधी परेशानी से निजात पाना चाहते हैं, तो परिवर्तिनी एकादशी तिथि पर लक्ष्मी नारायण जी की विधिपूर्वक पूजा करें। वहीं, पूजा के समय इन चमत्कारी मंत्रों का जप जरूर करें। इन मंत्रों के जप से घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है।

nandgaon times sep--10-03.qxd 9/9/2024 11:59 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# लोकनिर्माण विभाग कार्यालय कुत्तो के हवाले

## मामला- डोंगरगढ़ लोक निर्माण विभाग का



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** लोकनिर्माण विभाग में ऊँचे पद पर बैठे अधिकारी कितना गंभीर ही इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लोक निर्माण एसडीओ का कार्यालय पुराने विश्रामगृह से जिम्मेदार अधिकारी निरंतर आते जाते रहे होंगे नहीं तो अपने कार्यालय पहुँचते ही नहीं होंगे जिसके कारण पुराना विश्रामगृह जर्जर स्थिति में पहुँच गया है। जानकारों की माने तो पुराने विश्रामगृह व नया विश्रामगृह के रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष शासन प्रसाशन से विभाग को मोटी रकम प्राप्त होती तथा पुराने एवं नए विश्रामगृह के देखरेख के लिए डेलीविजेश से लेकर नियमित अधिकारी कर्मचारी की तैनाती की गई है जिसके बाद भी लोकनिर्माण विभाग एसडीओ के. के. सिंग के कानों तक खबर नही पहुँचना कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे है। सूत्रों की माने दोनों विश्रामगृह के रखरखाव के लिए शासन से जो मोटी रकम प्राप्त होती है वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। रखरखाव के नाम पर आने वाली राशि को फर्जी बिल लगाकर आहरण कर लिया जाता है तो




दूसरी तरफयक्षप्रश्न यह खड़ा हो रहा है कि नए व पुराने विश्रामगृह में प्रतिदिन बड़े अधिकारी से नेता तक आते जाते रहते है जिसके बाद भी विश्रामगृह की स्थिति इस मुकाम पर पहुँच जाना लोक निर्माण विभाग के एसडीओ का पोल खोल कर रख दिया है। सूत्र बताते हैं कि धर्मनगरी में प्रतिवर्ष दो नवरात्र पर्व का आयोजित किया जाता है और इस दौरान अधिकारी से लेकर नेताओं तक का दबाव प्रमुख रूप से इन्ही दो विश्रामगृह पर रहता है। जानकारों का कहना विश्रामगृह में ऐसी स्थिति को निर्मित कर मरम्मत के नाम पर पृथक रूप से राशि की मांग की जाती है और उस राशि से ऐसे मरम्मत कार्यो में लीपापोती कर अधिकारी चट कर जाते है तो दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग के कार्यलय के पोर्च में जहाँ एसडीओ का वास होता है उस पोर्च में बड़ी संख्या में कुत्तो की जमात आसानी से देखी जा सकती है। रेस्टहाउस प्रांगण पार्किंग में तब्दील हो गया है जिस पर रोक लगाने वाले दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे है। जिसको लेकर एसडीओ के. के. सिंग के मोबाईल क्रमांक 7000519470 पर चर्चा करने पर बताया गया कि पुराने रेस्टहाउस का देखरेख दिनेश बडोनिया के पास है व मरम्मत कार्य के लिए फंड आने पर टेंडर बुलाये जाते है व आगे की चर्चा करने पर गोलमोल जवाब देते हुए मोबाईल को बंद कर दिया गया जिससे कई प्रकार का खतरा मंडराने लगे है। विश्रामगृह की जो स्थिति है उसका छत कभी किसी के सर पर गिर जाए तो इसमें आश्चर्य नहीं होगा जो शासन प्रशासन के



उच्च अधिकारीयों के लिए जाँच का विषय बन गया है।

# बिना ग्लब्स और मास्क के मंणीकचन केन्द्र के स्वच्छता दीदीयां कचरा छांटने मजबूर संक्रमण का खतरा

**खैरागढ़। (नांदगांव टाइम्स)** नगर को साफ रखने के लिये नगर पालिका व्दारा वाडो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करवाया जाता स्वच्छता दीदी कचरा गाड़ी लेकर सुबह से ही वाडो में घूमने लगते हैं। ये स्वच्छता दीदी घरो से कचरा एकत्र करने के साथ ही केन्द्र में आकर सभी कचरों का छटाई भी कि जाती मगर नगर पालिका व्दारा उनके सुरक्षा को लेकर कोई सुध नहीं ली जा रही है कचरों के ढेरों पर बैठकर बिना ग्लब्स और बिना मास्क के ही केंद्र में बैठकर कचरों का छटाई करने मजबूर हैं। स्वच्छता दीदीयों से जब इस संबध में चर्चा हुआ तो बताये एक साल हो गया युनिफोर्म भी पालिका व्दारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। एक ही साडी में



पिछले एक वर्ष से काम कर रहें है। जब इसकी जानकारी नगरपालिका अधिकारियों को देते हैं उनके द्वारा कहा जाता है। कि काम करना है तो करो। हमारी मजबूरी है जो हम कचरो के ढ़ेर पर बैठकर काम कर रहे हैं। इससे सफाई कर्मियों में भी संक्रमण फैलने की आशंका है। नगरपालिका द्वारा सफाई कर्मियों की सुरक्षा को पूरी तरह नजर अंदाज किया जा रहा हैं। सफाई कर्मियों को कचरा उठाने के लिए उचित साधन तक नहीं दिए गए हैं। मास्क और ग्लब्स भी इन सफाई कर्मियों को मुहैया नहीं कराया गया हैं। बूट और वर्दी तो दूर की बात हैं। इस कारण इनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। सफाईकर्मी खुले हाथों से चप्पल पहनकर सफाई करते हैं। इन हालात में कई संक्रामक बीमारियों का खतरा रहता है।

# तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री बागेश्वर महिला मंडल डोंगरगांव द्वारा 8 सितंबर रविवार को स्थानीय सामाजिक भवन में तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों द्वारा गीत, डांस, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया उक्त कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण एवं भोजन का कार्यक्रम हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में बागेश्वर महिला मंडल के मानसी गुप्ता, काजल गुप्ता, डॉली गुप्ता, सीमा गुप्ता, मधु गुप्ता, शारदा गुप्ता, चंद्रकला गुप्ता, राखी गुप्ता, अलका गुप्ता, मीना गुप्ता, बरखा गुप्ता, शशि गुप्ता, पिंकी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, माधुरी गुप्ता, सुनैना गुप्ता, रुचि गुप्ता, अंजली गुप्ता, माया गुप्ता, मिनी गुप्ता, कविता गुप्ता, अन्नू गुप्ता, मंजू गुप्ता, बिंदु गुप्ता,स्वाति गुप्ता, अदिति गुप्ता, मनीष गुप्ता, किरण गुप्ता, मीना गुप्ता, जगदंबा गुप्ता,लक्ष्मी गुप्ता, विभा गुप्ता, रूपा गुप्ता, सीता गुप्ता, आदि सामाजिक महिलाएं उपस्थित थे।

# पंच ग्राम तपो भूमि के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से किया सौजन्य मुलाकात

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा तहसील वि.खं.छुरिया जिला राजनांदगांव के अंतिम छोर पर बसे ग्राम माटरा खुज्जी के पास पंच ग्राम तपोभूमि स्थिति है। यहां पर लगभग पांच गांवों के सरहद है। समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि आज से लगभग 100(सौ) साल पहले यहां पर एक साधु ने तपस्या किया था, और वह साधु वहीं पर देव लोक को सिधार गए।उस समय वहां पर आस पास के लोगों ने उस साधु की एक छोटी सी मूर्ति का स्थापना किया था।जो जीर्ण छीर्ण हो गया। लेकिन आज वर्तमान में लगभग 50 गांवों के सहयोग से एक समिति बनाकर वहां पर भगवान शिव लिंग कि स्थापना किया गया है। जहां पर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। इस बार महाशिवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें समिति के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर कार्यक्रम में आने का न्योता दिया गया। मुलाकात करने वालों में भाजपा पि.व.मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बोलबम समिति करमरी के अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू पंच ग्राम तपोभूमि के अध्यक्ष भागवत साहू, कोषाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, उपाध्यक्ष मूलचंद चौधरी, सचिव ब्रह्मगिरी गोस्वामी, संरक्षक राम सिन्हा उपस्थित थे।



# धूमधाम से मनेगा राधाअष्टमी का पर्व

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में नीचे स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर में आगामी 11 सितंबर बुधवार को राधाअष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 9 बजे भगवान श्री राधा जी एवं कृष्ण जी की पूजा अर्चना की जाएगी आरती के पश्चात विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा पूरे दिन भर भजन कीर्तन किया जाएगा। ट्रस्ट समिति ने धर्मप्रेमी सज्जनों से राधा अष्टमी पर्व में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# 10 तक बंद रहेगी इतवारी टाटा पैसेंजर

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के आदित्यपुर स्टेशन में नान इंटरलॉकिंग कार्य के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी टाटानगर पैसेंजर गाड़ी संख्या क्रमांक 18110 18109 बिलासपुर से टाटानगर के मध्य रद्द रहेगी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य मंडल प्रबंधक ने इस आशय की जानकारी देते हुए यात्रियों को होने वाली परेशानी के प्रति खेत व्यक्त किया है यह ट्रेन 10 सितंबर तक इतवारी से बिलासपुर के मध्य ही चलेगी।

# सत्य का बोध कराने वाला ही शिक्षक होता है - नीरज बाजपेयी




**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ''विद्यार्थी और शिक्षक के जीवन में अपनत्व का भाव होना चाहिए। यही भाव हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। शायद ही दुनिया में कोई ऐसा होगा जो माँ और शिक्षक के योगदान को विस्मृत कर दे। इनके योगदानों को हम कभी भी नकार नहीं सकते। गुरू वह होता है जो विद्यार्थियों को सत्य की खोज के लिए प्रेरित करता है'' उक्ताशय के विचार अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह विद्यार्थियों को गढ़ता है, उन्हें आकार देता है। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, श्रीसमीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक श्री जी. राम सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने इस प्रसंग को अपने ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने सही अर्थो में राष्ट्र का निर्माता शिक्षक को कहा। विद्यार्थियों को शिक्षकों के श्रेष्ठ कार्यो का सदैव अनुसरण करते रहना चाहिए साथ ही शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के भाव प्रदर्शित करना चाहिए। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नई पीढ़ी अपने शिक्षक के प्रति सदैव समर्पण एवं आदर व्यक्त करे क्योंकि नई पीढ़ी को आदर्श ढूँढ़ने में ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक ईमानदारी से अपने कार्य को आगे बढाएँ। इसका सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। शाला प्रबंधन द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में कई मनोरंजक कार्यक्रम भी रखे थे। जिसमें शैक्षणिक स्टाफने बढ-चढकर हिस्सा लिया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से श्री योगेश का हुआ नि:शुल्क किडनी ट्रांसप्लांट

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत राजनांदगांव के ममता नगर निवासी श्री योगेश साहू का नि:शुल्क किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। श्री योगेश कुमार साहू ने बताया कि उनका 2 जुलाई 2024 को किडनी ट्रांसप्लांट एम्स रायपुर में किया गया। वर्ष 2023 में निजी चिकित्सालय में जांच से पता चला कि उन्हें किडनी की समस्या है। जिसके बाद वे राजनांदगांव में डायलिसिस करा रहे थे। श्री योगेश ने बताया कि उनका किडनी ट्रांसप्लांट मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत नि:शुल्क हुआ है। इस योजना से उन्हें एम्स में बेहतर इलाज मिला वहीं उन्हें इलाज के लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं देनी पड़ी। श्री योगेश ने बताया कि वे अभी स्वस्थ हैं और प्रत्येक सप्ताह जांच भी करा रहे हैं। राज्य में मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना चलाने के लिए श्री योगेश ने मुख्यमंत्री का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है, जो इतनी बड़ी राशि राज्य के नागरिकों के इलाज हेतु प्रदान कर रही है जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।



# सांसद विजय बघेल ने मोदी की गारंटी की खोली पोल : चुम्मन साहू

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा है कि दुर्ग के भाजपा सांसद विजय बघेल ने मोदी की गारंटी की पोल खोल दी है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ वादाखिलाफी की है। हर वर्ग सरकार से नाराज है। 9 महीने में ही सरकार अलोकप्रिय हो चुकी है। विजय बघेल ने अपनी सरकार को चुनावी वादा याद दिलाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से शासकीय कर्मचारियों से जो वादा किया गया था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। सरकार में बैठे लोगों को आईना दिखाया है। और चेतावनी भी दी है वादा पूरा नहीं होने के कारण वो कर्मचारियों के साथ खड़े हैं। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि मोदी के गारंटी अब प्रदेश की जनता के लिए धोखा साबित हुई है। महतारी वंदन योजना में प्रदेश की सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहा है। युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर नहीं मिल रहा है। 500 रु में रसोई गैस देने का वादा भी अधूरा है। 57000



शिक्षकों की भर्ती का वादा भी झूठा निकला, पुलिस विभाग, वन विभाग में छंटनी की जा रही है। अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा किया गया था। इसके लिए अब तक सिर्फ कमेटी बनाई गई है। डबल इंजन में जो विकास होने का दावा किया गया था, सड़कों में गड्ढे दिख रहे हैं, स्कूल बिल्डिंगें गिर रही है, सरकार पर कर्ज भार बढ़ गया है, सभी किसानों से 3100 रु क्विंटल की दर पर धान की खरीदी नहीं की गई है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान चलने वाली सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। चारों तरफ अराजकता फैल गई है। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी और साय का सुशासन सिर्फ विज्ञापनों में दिख रहा है। धरातल पर सिर्फ बेबसी और लाचारी नजर आ रही है। अब जनता भी समझ गई कि मोदी की गारंटी का मतलब सिर्फ धोखा है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी अपनी सरकार को वादा निभाने में असफल मान रहे हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com